# न्यायालय उप जिला कलेक्टर, सवाई माधोपुर

मुकदमा नंबर 28/2012 अपील नामा0 तारीख रजू 18–12–12

उनवान

1–रामकल्याण पुत्र गोपीराम जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला सवाई माधोपुर
2–कैलाश पुत्र गोपीराम जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला सवाई माधोपुर
3–कन्या पुत्री गोपीराम जाति माली निवासी माधोसिंह पुरा तहसील व जिला सवाई माधोपुर
4–गंगा पुत्री गोपीराम जाति माली निवासी माधोसिंह पुरा तहसील व जिला सवाई माधोपुर
5–बर्मा पुत्री गोपीराम जाति माली निवासी माधोसिंह पुरा तहसील व जिला सवाई माधोपुर
6–प्रेम पुत्री गोपीराम जाति माली निवासी माधोसिंह पुरा तहसील व जिला सवाई माधोपुर
7– काली पुत्री गोपीराम जाति माली निवासी माधोसिंह पुरा तहसील व जिला सवाई माधोपुर
8– बदाम पुत्री गोपीराम जाति माली निवासी माधोसिंह पुरा तहसील व जिला सवाई माधोपुर

–अपीलांटगण

**बनाम**

1–मांगीलाल पुत्र रामचन्द्र जाति माली (मृतक)निवासी माधोसिंहपुरा तह0 जिला स0माधोपुर
1/1– गोपाल पुत्र मांगीलाल जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
1/2– गोपाल पुत्र मांगीलाल जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
1/3– बाबूलाल पुत्र मांगीलाल जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
1/4– परसादी देवी पुत्री मांगीलाल जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
1/5– रेखा पुत्री मांगीलाल जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
1/6– मोत्यादेवी पत्नि मांगीलाल जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
2– मोरपाल पुत्र रामचन्द्र (मृतक)जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
2/1– रामफूल पुत्र मोरपाल जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
2/2– बद्री पुत्र मोरपाल जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
2/3– कैलाशी पुत्री मोरपाल जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
2/4–धापू पुत्री मोरपाल माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
3–कल्लूराम पुत्र रामचन्द्र (मृतक)जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
3/1–गुलाबचंद पुत्र कल्लू जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
3/2–नरेन्द्रकुमार पुत्र कल्लू जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
3/3– सुरेश कुमार पुत्र कल्लू जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
3/4– सीमा पुत्री पुत्र कल्लू जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
3/5– नाथीदेवी पत्नि कल्लू जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
4– प्रभूलाल पुत्र माधो जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
5–गंगासहाय पुत्र माधो जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
6–फूलचदं पुत्र माधो जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
7–शांति पुत्री माधो जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
8–शिमला पुत्री माधो जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
9–कलावती पुत्री माधो जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
10– कमली पुत्री माधो जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
11– हरिनारायण पुत्र रामलाल जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
12–सुरेश पुत्र रामनिवास जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
13–रमेश पुत्र रामनिवास जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
14–सुमन पुत्री रामनिवास जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
15–गीता पुत्री रामनिवास जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
16–विमला पुत्री रामप्रताप जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
17–सुनिता पुत्री रामप्रताप जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर

19–छोटू पुत्र रामलाल जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
20–रामप्रसाद पुत्र हजारी जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
21–रामबिलास पुत्र हजारी जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
22–रामकरण पुत्र हजारी जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
23–राजेन्द्र उर्फ सुरेश पुत्र हजारी जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
24–नन्दकिशोर पुत्र मोहनलाल जाति माली निवासी माधोसिंहपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर
25–ग्राम पंचायत शेरपुर जरिये सरपंच ग्राम पंचायत शेरपुर पंचायत समिति स0माधोपुर
26–सरकार जरिये तहसीलदार सवाई माधोपुर

– रेस्पोडेन्टसगण

अधिवक्तागण
श्री जगदीशप्रसाद शर्मा –अपीलांटगण
श्री कमलेश कुमार जैन– रेस्पोडेन्टसगण
श्री विनोद कुमार अग्रवाल –रेस्पोडेन्टसगण

## अपील अन्तर्गत धारा –75, भूराजस्व अधिनियम

## निर्णय

**दिनांक : 12– 06 –2019**

पत्रावली पेश हुई। उभय पक्ष वकील अपीलान्टगण व रेस्पोडेन्टसगण की ओर से उपस्थित । बहस अपील सुनी गई । प्रस्तुत अपील में संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि अपीलांटगण ने विवादग्रस्त नामान्तकरण संख्या 51 दिनांक 27–1–1981 वाके ग्राम माधोपुरसिंहपुरा के नामान्तकरण को सरपंच ग्राम पंचायत शेरपुर के द्वारा तस्दीक किया गया था । प्रस्तुत नामान्तकरण में अपील मीमो के मद नंबर 5 के अनुसार सजरा खानदान के अनुसार नामान्तकरण दर्ज नही किया गया है । इस तथ्य की जानकारी होते ही अपीलांटगण ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 5 लिमिटेशन एक्ट सहित अपील प्रस्तुत कर निवेदन किया कि विवादग्रस्त नामान्तकरण संख्या 51 को निरस्त किया जाकर मृतक रामलाल के समस्त विधिक वारिसान के नाम से नामान्तकरण दर्ज किया जावे । अपीलांटगण ने पैतृक भूमि के समर्थन में सम्वत 2013से सम्वत 2016की राजस्व जमाबंदी प्रस्तुत की है ।

अपील प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर की जाकर रेस्पोडेन्टसगण की तलबी जरिये सम्मन की गई एवं रेस्पोडेन्टसगण की ओर से योग्य अधिवक्ता भी उपस्थित हुये । तत्पश्चात् बहस अपील अपीलांट सुनी गई ।

हमने उभय पक्ष के वकुलाय द्वारा प्रस्तुत बहस पर मनन किया । अपीलांटन द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र धारा 5 लिमिटेशन एक्ट का अवलोकन किया गया । अपील प्रस्तुत करने में हुई देरी के संबंध में प्रार्थना पत्र में अंकित कारणो हम सहमत है । अत: अपील प्रस्तुत करने में हुई देरी को न्यायहित में कण्डोन किया जाता है तथा उक्त अपील को अंदर म्याद शुमार किया जाता है । नामान्तकरण संख्या 51 दिनांक 27–1–81 को सरपचं ग्राम पंचायत शेरपुर द्वारा स्वीकार किया गया था । नामान्तकरण संख्या 51 वाके ग्राम माधोसिंहपुरा की प्रमाणित प्रति का अवलोकन करने पर नामान्तकरण में अंकित आराजीयात में रामलाल पुत्र नानगा का 1/3 हिस्सा दर्ज हो रहा है । जो रामलाल के फोत होने पर रामलाल के वारिसान माधो ,हरिनारायण , रामप्रताप , छोटूलाल पिता राम लाल के नाम से दर्ज हो रही है किन्तु रामलाल के पुत्र गोपीराम का नाम उक्त नामान्तकरण में दर्ज होने से ...

जबकि गोपीराम रामलाल का ही पुत्र है इसके संबंध में ग्राम पचांयत शेरपुर द्वारा जारी वारिस प्रमाण पत्र दिनांक 20–11–2011को जारी किया गया है उसमें भी गोपी के पिता के नाम रामलाल दर्ज है । भारत निर्वाचन आयोग जारी पहचान पत्र में गोपी के पिता का नाम रामलाल अंकित है एवं अपीलांटगण की ओर से गांव के मौतविर व्यक्तियों के दस किता. शपथ पत्र भी इस आशय के प्रस्तुत किये है कि गोपीराम एकमात्र मृतक रामलाल का पुत्र है एवं गोपीराम के अलावा मृतक रामलाल के 5 पुत्र और थे । इससे स्पष्ट है कि नामान्तकरण संख्या 51 में गोपीराम का नाम अंकित होने से रह गया है । इस प्रकार अपीलांटगण द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर गोपीराम रामलाल का पुत्र होने के कारण अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है तथा सरपंच ग्राम पंचायत शेरपुर द्वारा तस्दीक किया गया नामान्तकरण संख्या 51 दिनांक 27–01–1981 वाके ग्राम माधोसिंहपुरा को अपास्त किया जाता है तथा तहसीलदार सवाई माधोपुर प्रतिप्रेषित कर को आदेशित किया जाता है कि मृतक रामलाल पुत्र नानगा के नाम की कृषि भूमि हिस्सा 1/3 में मृतक गोपीराम पुत्र रामलाल जो अपीलांटगण के पिता है का नाम दर्ज करते हुये पुंनः नियमानुसार नामान्तकरण खोलने की कार्यवाही करें । चूंकि गोपीराम भी फोत हो चुका है । अतः गोपीराम के स्थान पर गोपीराम के वारिसान अपीलांट संख्या 1लगायत, 8 के नाम नामान्तकरण खोलने की नियमानुसार कार्यवाही करें ।

निर्णय आज दिनांक 12–06–19 को मेरे द्वारा टंकित कराया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया । पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो ।

( रघुनाथ )
उप जिला कलेक्टर
सवाई माधोपुर

Signature Not Verified
Digitally signed by Raghunath
Date: 2019.11.14 15:58:57 IST
Reason: SelfAttested
Location: